राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितिरण आकलन 2021

प्रलिम्सि के लयि:

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितिरण आकलन 2021, दरबार संचालन की परंपरा

मेन्स के लयि:

सेवा वतिरण, सार्वजनकि संसाधनों का उपयोग, कुशल प्रशासन

चर्चा में क्यों?

कार्मकि, लोक शकियत एवं पेंशन मंत्रालय ने **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वतिरण आकलन 2021** (National e-Governance Service Delivery Assessment- NeSDA 2021) का दूसरा संस्करण जारी किया है।

- **जम्मू-कश्मीर ई-गवर्नेंस सेवाओं के वतिरण में भारत के सभी केंद्रशासति प्रदेशों में सबसे ऊपर** है, जसिने इसे सालाना लगभग 200 करोड़ रुपए बचाने में सक्षम बनाया है, यह दो राजधानी शहरों- जम्मू और श्रीनगर के बीच वार्षकि दरबार संचालन के दौरान फाइलों की आवाजाही पर खर्च किया गया था।

NeSDA 2021:

- **परचिय:**
  - डजिटिल सरकार को उत्कृष्ट बनाने के लयि **प्रशासनकि सुधार एवं लोक शकियत वभिाग (DARPG)** द्वारा **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वतिरण आकलन (NeSDA)** पहल शुरू की गई है।
  - **UNDESA ई-गवर्नमेंट सर्वे** (UN ई-गवर्नमेंट सर्वे 2020, संयुक्त राष्ट्र आर्थकि और सामाजकि मामलों के वभिाग द्वारा वर्ष 2001 से) के **ऑनलाइन सेवा सूचकांक** (Online Service Index- OSI) के आधार पर अगस्त 2018 में NeSDA की शुरुआत की गई थी।
  - यह **NeSDA का दूसरा संस्करण** है, **पहला संस्करण 2019 में** लॉन्च किया गया था।
- **NeSDA फ्रेमवर्क:**
  - इस फ्रेमवर्क में छह क्षेत्रों को शामलि किया गया है अर्थात् वत्ति, श्रम और रोज़गार, शक्षिा, स्थानीय सरकार तथा उपयोगताएँ, समाज कल्याण (कृषि एवं स्वास्थ्य सहति) व पर्यावरण (अग्नि सहति) क्षेत्र।
    - फ्रेमवर्क इन छह क्षेत्रों में G2B (गवर्नमेंट टू बज़िनेस) और G2C (गवर्नमेंट टू सटिज़िन) प्रावधानों के तहत सेवाओं को कवर करता है।
  - NeSDA 2021 के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर अतरिक्ति 6 अनविार्य सेवाओं और केंद्रीय मंत्रालय स्तर पर 4 सेवाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।
  - NeSDA फ्रेमवर्क ने मुख्य रूप से सभी सेवा पोर्टलों (राज्य / केंद्रशासति प्रदेश और केंद्रीय मंत्रालय के सेवा पोर्टल) का 7 प्रमुख मापदंडों पर मूल्यांकन किया। NeSDA 2021 में अतरिक्ति 6 मापदंडों को शामलि करने के लयि फ्रेमवर्क को वस्तितृ किया गया है।
    - मूल्यांकन कयि गए पोर्टलों को दो श्रेणियों में से एक में वर्गीकृत किया गया था।
    - राज्य/केंद्रशासति प्रदेश/केंद्रीय मंत्रालय पोर्टल, संबंधति सरकार का नामति पोर्टल जो सूचना और सेवा लंकि के लयि सगिल वडिो एक्सेस प्रदान करता है, पहली श्रेणी है।
    - दूसरी श्रेणी में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/केंद्रीय मंत्रालय सेवा पोर्टल शामलि हैं जो सेवाओं के डजिटिल वतिरण पर ध्यान केंद्रति करते हैं और सेवा से संबंधति जानकारी प्रदान करते हैं।

NeSDA 2021 Focus Sectors & Services – States / UTs

Focus Sectors

Environment	Labour & Employment	Environment
Local Governance & Utility Services	Education	Tourism
Home & Security	Social Welfare (incl. Health, Agriculture)	Public Procurement

G2C and G2B Online Services

48 Services (assessed in NeSDA 2019) +

Public Procurement	• Online Bidder Enrolment • Online Bid Submission • Tender Result Announcement
Home & Security	• Complaint Registration • Missing Person Registration • Request for FIR Copy
Tourism	• Certificate issuance as Approved State Tour Operator • Registration of Hotels Guest houses etc.

//

Addition in NeSDA 2021

NeSDA 2021 Focus Sectors & Services – Central Ministries

Focus Sectors

Environment	Labour & Employment	Environment
Home & Security	Education	Public Procurement
	Social Welfare (incl. Health, Agriculture, Rural Development)	

G2C and G2B Online Services

23 Services (assessed in NeSDA 2019) +

Public Procurement	• Central Public Procurement Portal • Government e-Marketplace (GeM)
Home & Security	• Digital Police Citizen Services (NCRB)
Social Welfare	• BHAVISYA (Pension)

Addition in NeSDA 2021



- **NeSDA 2021 का आकलन:**
  - केंद्रीय मंत्रालय के 6 पोर्टल के स्कोर में सुधार हुआ है, जबकि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में, राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के 28 पोर्टल में एवं राज्य/केंद्रशासित प्रदेश सेवा के 22 पोर्टल के स्कोर में सुधार हुआ है।
  - राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पोर्टल की श्रेणी में समूह A राज्यों में केरल शीर्ष पर, जबकि क्रमशः तमिलनाडु और पंजाब ने सबसे ज़्यादा प्रगति की है।
  - समूह B राज्यों में ओडिशा शीर्ष पर है एवं उसके बाद उत्तर प्रदेश और बिहार का स्थान आता है।
  - पूर्वोत्तर राज्यों में क्रमशः नगालैंड, मेघालय और असम शीर्ष पर हैं।
  - केंद्रशासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर शीर्ष पर है, उसके बाद क्रमशः अंडमान और निकोबार, पुदुचेरी, दिल्ली व चंडीगढ़ का स्थान आता है।
- **जम्मू और कश्मीर दरबार संचालन:**
  - 30 जून, 2021 को जम्मू और कश्मीर में दरबार संचालन के रूप में जानी जाने वाली 149 वर्ष पुरानी परंपरा का अंत हो गया। दरबार मूव एक द्विवार्षिक अभ्यास था जिसमें सरकार श्रीनगर और जम्मू की दो राजधानियों में से प्रत्येक में छह-छह महीने तक काम करती हैं।
  - राजधानियों को बदलने की परंपरा की शुरुआत वर्ष 1872 में महाराजा रणबीर सिंह ने की थी।
  - दरबार संचालन की समाप्ति के कारण हुई शासन सुविधा क्षतिपूर्ति को पूरा करने हेतु जम्मू और कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश की सरकार तथा भारत सरकार ने जम्मू एवं कश्मीर दोनों के लिये ई-गवर्नेंस और अलग सचिवालय पर ध्यान केंद्रित किया।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-e-governance-service-delivery-assessment-2021